an>

Title: Regarding issues of Kendriya Vidyalayas at Nabarangpur and Malkangiri in Odisha.

श्री बलभद्र माझी (नबरंगपुर): मैडम, कृपया मुझे यहीं से बोलने का मौका दिया जाए। माननीय अध्यक्ष जी, जैसे आप जानती हैं, मैं हिन्दुस्तान के बहुत पिछड़े एरिया से आता हूं। नवरंगपुर जिले में जो केन्द्रीय विद्यालय है, उसमें 26 में से 14 टीचर्स के पद खाली पड़े हैं। वैसे मलकानीगिरी जिले का जो केन्द्रीय विद्यालय है, उसमें 29 में से 16 टीचर्स की पोस्ट्स कांट्रैक्चुअल में चल रही हैं और नवरंगपुर केन्द्रीय विद्यालय में प्रिंसिपल भी नहीं है।

<u>17.17 hours</u> (Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि ये जो प्रिंसिपल और टीचर्स के खाली पद पड़े हैं, इनको जल्दी फिल-अप किया जाए। मेरा सरकार से एक और आग्रह है कि कोरापुट में एक सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी है। उस सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी में 23 में से 23 प्रोफेसर्स के पद खाली पड़े हैं। 43 में से 42 एसोशिएट प्रोफैसर्स के पद खाली पड़े हैं। वैसे 16 असिस्टेंट प्रोफैसर्स के पद भी खाली पड़े हैं। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि ये सारे खाली पद जल्दी से जल्दी भरे जाएं, ताकि वहां पर अच्छी तरह से पढ़ाई हो सके। इसके अलावा मेरा एक और निवेदन है कि उमरकोट एक बहुत बड़ा एरिया है। वहां पर एक केन्द्रीय विद्यालय की जरूरत है। वहां पर एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी दी जाए। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Balbhadra Majhi.